जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित
(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-40 | जयपुर, सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



## कांग्रेस के 33, भाजपा के 83 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी

# गहलोत को सरदारपुरा, पायलट को टोंक से टिकट; वसुंधरा झालरापाटन से लड़ेंगी चुनाव

**नई दिल्ली (हमारा वतन)** भाजपा ने शनिवार को राजस्थान के लिए 83 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी। इसके कुछ देर बाद ही कांग्रेस ने भी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस की सूची में टोंक से सचिन पायलट को टिकट मिला है तो सरदरापुरा से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चुनावी मैदान में होंगे। भाजपा की सूची में भी दिग्गज नेताओं के नाम शामिल है । वसुंधरा राजे झालरापाटन से ही चुनाव लड़ेंगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ चूरू की बजाय तारानगर से चुनाव लड़ेगे। राठौड़ पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा की सूची में सबसे सेफ सीट मानी जा रही सांगानेर सीट से भजन लाल शर्मा को उतारा गया है, यहां मौजूदा विधायक डॉ. अशोक लाहोटी का टिकट काटा गया है।

वहीं हाल ही में भाजपा में शामिल हुई ज्योति मिर्धा को नागौर से पार्टी ने टिकट दिया है। कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए उदयपुर के पूर्व राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया है। विश्वराज सिंह के सामने कांग्रेस से मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी होंगे। भाजपा की दूसरी सूची में पूर्व मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें प्रताप सिंह सिंघवी, श्रीचंद कृपलानी, नरपत सिंह राजवी, ओटाराम देवासी, पुष्पेंद्र सिंह राणावत, अनिता भदेल, वासुदेव देवनानी, कालीचरण सराफ समेत कई पूर्व मंत्री शामिल हैं। जयपुर की विद्याधर नगर सीट से विधायक नरपत सिंह राजवी को चित्तौड़गढ़ से टिकट दिया गया है। पहली सूची में बीजेपी ने उनका टिकट काट दिया था ।

## इपिक कार्ड नहीं है....तो

# 12 अन्य वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखा कर भी कर सकेंगे मतदान

**जयपुर (हमारा वतन)** 25 नवंबर को प्रदेश में विधानसभा चुनाव है। इसे लेकर चुनाव आयोग ने तैयारियां तेज कर दी है। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विधानसभा आम चुनाव 2023 को लेकर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यदि किसी वोटर का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, लेकिन उसके पास किसी वजह से निर्वाचक फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर मताधिकार का उपयोग कर सकेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता इसे प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।



12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल हैं।

# चौमूं विधानसभा से रामलाल शर्मा को मिला भाजपा पार्टी से टिकिट



**चौमूं (हमारा वतन)** राजस्थान की हॉट सीट मानी जाने वाली चौमूं विधानसभा से तीन बार के विजेता और वर्तमान चौमूं विधायक रामलाल शर्मा पर भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास जताया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी 83 प्रत्याशियों की सूची में विधायक रामलाल शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है ।

प्रत्याशी घोषित करते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब देखना यह होगा कि विधायक रामलाल शर्मा जीत की हैट्रिक लगा पाते हैं या नहीं । वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने भी 33 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है, इसमें चौमूं से कोई भी प्रत्याशी अभी फाइनल नहीं हुआ है ।

# पंडित रविन्द्राचार्य ने किया शुभारंभ वेडिंग्स संस्था की ओनर का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने शुभारंभ वेडिंग्स संस्था की ओनर अंजलि शेखावत व खुशी गुप्ता का सम्मान किया ।

आचार्य ने सम्मान स्वरूप बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर,श्याम कलम भेंट कर सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान मुकुल, अमित आचार्य, सुमन शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।







## कांग्रेस पार्टी दो बार हारने वाले प्रत्याशियों को भी देगी मौका

# क्या चौमूं में भगवान सहाय सैनी पर खेलेगी दाँव ?

**चौमूं (हमारा वतन)** राजस्थान प्रदेश में जयपुर ग्रामीण जिले की चौमूं विधानसभा सीट हमेशा हॉट सीट रही है । चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी भाजपा पार्टी के विधायक रामलाल शर्मा से दो बार हार चुके हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया है कि जो प्रत्याशी दो बार हार चुके हैं उन पर भी पार्टी दाँव लगाएगी बशर्ते उनकी सर्वे रिपोर्ट ओके हो । टिकट का फार्मूला सिर्फ जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवार है । जानकारी के लिए आपको बता दें कि चौमूं विधानसभा में कांग्रेस पार्टी से 100 से भी ज्यादा उम्मीदवारों ने टिकट के लिए आवेदन किया है । अब देखना यह है कि चौमूं विधानसभा में कांग्रेस पार्टी दो बार हारे हुए भगवान सहाय सैनी पर दांव खेलती है या किसी नए चेहरे को टिकट देगी ।



नाम न छापने की शर्त पर कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बताया की चौमूं में भाजपा से रामलाल शर्मा को टिकट मिल गया है, सिर्फ भगवान सहाय सैनी ही बराबर की टक्कर दे सकते हैं । अगर किसी नए चेहरे को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया तो रामलाल शर्मा को मेहनत करने की भी जरूरत नहीं होगी । अब यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा की किसके राजयोग लिखा है और जनता जनार्दन किसको वोट देगी ?





### नारी शक्ति संस्था और एनएफसी जिम के

# डांडिया नाइट महोत्सव का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)** नारी शक्ति संस्था और एनएफसी जिम द्वारा चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित रॉयल पैलेस गार्डन में डांडिया नाइट महोत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती और शस्त्र पूजा से हुई। इसी के साथ दंड प्रदर्शनी, तलवार प्रदर्शनी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा । आयोजक एनआर गोरा और धर्मा नागा ने विधायक रामलाल शर्मा, डॉक्टर सीमा पालावत, अशोक गोरा, सुनील गढ़वाल, गुलाब चन्द लाम्बा का माला और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया । भारतीय वेशभूषा में सजी धजी महिला और युवतियों ने राजस्थानी, फ़िल्मी और गरबा के गानों पर जमकर डांडिया खनकाए । कपल्स ने भी गरबा रास रचाया ।



इस दौरान बेस्ट ड्रेस सीमा कुमावत, रौनक कुमावत, सुनीता प्रजापत, बेस्ट डांसर दीप्ति सामोता, तनिष्का सैनी, निधि शर्मा, बेस्ट पर्सनैलिटी पूजा सैनी, आरती नागा और निशा राठौर को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सञ्चालन एंकर अमित सैनी ने किया ।

# राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर मिला टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड

**जयपुर (हमारा वतन)** तम्बाकू नियंत्रण एवं रोकथाम की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड शुक्रवार को दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए राजस्थान के प्रयासों को सराहा गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2023 की सभी गतिविधियों में अव्वल रहा है।



अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हेकाली जिमोमी एवं एडिशनल डीडीजी डॉ. एल स्वास्थिचरण ने राजस्थान में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में हुए नवाचारों एवं कोटपा एक्ट के बेहतरीन क्रियान्वयन हेतु राजस्थान को टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया है। स्टेट नोडल ऑफिसर, एनटीसीपी डॉ. एसएन धौलपुरिया एवं एडिशनल एसपीओ नरेंद्र सिंह ने यह अवार्ड प्राप्त किया।

सिंह ने इस उपलब्धि के लिए तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में काम कर रही स्वास्थ्य विभाग की टीम, विभिन्न संस्थाओं एवं इस अभियान से जुड़े सभी सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन के माध्यम से युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इसके तहत 60 दिवसीय तम्बाकू मुक्त राजस्थान कार्ययोजना लागू कर जागरुकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की गयी।

कार्यक्रम के दौरान दिये गये प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन-2023 में कोटपा एक्ट के तहत सेक्शन 4 एवं सेक्शन 6 के तहत सर्वाधिक चालान राजस्थान में किए गये। इसी प्रकार अभियान के तहत आईईसी गतिविधियों, तम्बाकू मुक्त गांवों, तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक परिसरों आदि गतिविधियों में भी राजस्थान अव्वल रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि इस अभियान में प्रतिदिन के हिसाब से कार्ययोजना तैयार की गयी। जिला कलक्टर एवं उप जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभागवार दायित्व एवं गतिविधियां सौंपी गई। मीडिया एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का व्यापक स्तर पर उपयोग करने के साथ ही सघन मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के माध्यम से अभियान को सफल बनाया गया।

# ओमान में मोटिवेशनल स्ट्रिप्स के स्टार चैंपियनस को किया सम्मानित



**मस्कट (हमारा वतन)** कोलकाता भारत की अग्रणी कवयित्री लेखिका इप्सिता गांगुली और लेखिका प्रियंका बनर्जी को मोटिवेशनल स्ट्रिप्स हेडक्वार्टर, बेस्ट वेस्टर्न प्रीमियर, स्पीडी एंटरप्राइजेज और रायसुट यूनाइटेड डेवलपमेंट एलएलसी द्वारा ओमान सल्तनत में मेजबानी और सम्मानित होने का दुर्लभ सम्मान मिला। विश्व इतिहास में यह पहली बार था कि प्रमुख कॉरपोरेट्स के एक समूह ने एक विशाल वैश्विक कविता प्रतियोगिता को प्रायोजित करने के लिए एक साहित्यिक मंच के साथ साझेदारी की थी।

दो कविता चैंपियनों ने दुनिया के सबसे सक्रिय लेखक मंच मोटिवेशनल स्ट्रिप्स द्वारा आयोजित बी ए स्टार कविता प्रतियोगिता में गायन श्रेणी जीती थी और कल मस्कट के बेस्ट वेस्टर्न होटल में एक शानदार सम्मान समारोह के साथ ओमान की पूर्ण भुगतान यात्रा की पेशकश की थी। उन्हें महंगे उपहार, स्मृति चिन्ह और प्रशंसा से सम्मानित किया गया।

सोने और लोबान का आयात करने वाली अग्रणी कॉर्पोरेट इकाई, रायसुट यूनाइटेड डेवलपमेंट एलएलसी के प्रबंध निदेशक शेख सईद अहमद अल मशिखी, बेस्ट वेस्टर्न प्रीमियर होटल के महाप्रबंधक अब्दुल समद, स्पीडी एंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक शक्ति प्रसाद जयदेव, अकबर ग्रुप और सिल्वर लाइन ट्रेडिंग प्रतिनिधित्व अजय ऋषि, स्पीडी एंटरप्राइजेज एलएलसी के संचालन प्रमुख सरिल मोहन और मुहम्मद शोएब अतिथि रहे।

मोटिवेशनल स्ट्रिप्स के संस्थापक और अध्यक्ष शिजू एच पल्लीथाज़ेथ ने बी ए स्टार प्रतियोगिता के माध्यम से विश्व कविता को दिए गए समर्थन के लिए कॉर्पोरेट प्रायोजकों को धन्यवाद दिया।

शेख सईद अल मशिखी ने कहा, ओमान कवियों के लिए खुला है और देश में कविता की बहुत सराहना की जाती है। यह एक दिव्य कला है जिसका पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। शेख सईद ने यह भी कहा कि ओमान को आने वाले वर्षों में और अधिक कवियों का स्वागत करने में खुशी होगी। बेस्ट वेस्टर्न प्रीमियर जीएम अब्दुल समद ने कहा कि उनका होटल समूह मोटिवेशनल स्ट्रिप्स की साहित्यिक गतिविधियों का समर्थन करता रहेगा और इसे एक आनंदमय शाम बनाने के लिए सभी मेहमानों को धन्यवाद दिया।

स्पीडी के प्रबंध निदेशक शक्ति प्रसाद ने कहा कि किराये के वाहनों का उनका पूरा बेड़ा इप्सिता और प्रियंका जैसे अधिक कवियों की मेजबानी के लिए खुला रहेगा, इकाई विश्व कविता को सशक्त बनाने के लिए हमेशा खुली है। अजय ऋषि ने कहा कि वह इस तरह की प्रतियोगिताओं में और अधिक कवियों को विजेता बनते देखने के लिए उत्सुक हैं। लेखिका प्रियंका और लेखिका इप्सिता ने कहा कि उन्हें ओमान में बहुत सम्मानित, सम्मानित और लाड़-प्यार महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि ओमान का आतिथ्य बेहतर जीवन, आदर्श शिष्टाचार और आपसी सम्मान का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। मोटिवेशनल स्ट्रिप्स की मीडिया समन्वय प्रमुख श्रीकला पी विजयन ने पूरे कार्यक्रम के प्रदर्शन और मीडिया कोर्डिनेशन एंड लोजिस्टिक्स का समन्वय बड़ी प्रशंसनीय तरीके से किया । उनके मीडिया कोआर्डिनेशन टीम ने प्रतियोगिता को मीडिया से जोड़ के सराहनीय काम किया है ।

# रूस के कलाकार अयोध्या में करेंगे रामलीला



**लखनऊ (हमारा वतन)** रामनगरी अयोध्या में होने वाले विश्व प्रसिद्ध दीपोत्सव में इस वर्ष रूसी कलाकार भी रामलीला का मंचन करेंगे। अयोध्या शोध संस्थान के निमंत्रण पर रूसी-भारतीय मैत्री संघ 'दिशा' ने पूर्वाभ्यास की तैयारी भी शुरू कर दी है। डॉ.रामेश्वर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में पद्मश्री गेनादि पेचनिकोव की स्मृति में रूसी कलाकार 9-11 नवंबर तक दीपोत्सव के मंच पर 'दिशा रामलीला' प्रस्तुत करेंगे।

## जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद एनिमल अटेंडेंट, पद संख्या 5934, अंतिम तिथि 11 नवंबर 2023
2. बिहार पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 1275, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2023
3. ईएसआईसी, पद विभिन्न पैरामेडिकल पोस्ट, पद संख्या 1035, अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023
4. राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, पद लॉ ऑफिसर, जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 114, अंतिम तिथि 17 नवंबर 2023
5. इंडिया एक्सिम बैंक, पद मैनेजमेंट ट्रेनी, पद संख्या 45, अंतिम तिथि 10 नवंबर 2023
6. यूपीपीएससी,पद समीक्षा अधिकारी, पद संख्या 411, अंतिम तिथि 9 नवंबर 2023
7. एम्स भोपाल, पद स्टोर कीपर, एमटीएस, एलडीसी व अन्य, पद संख्या 233, अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023
8. राजस्थान कोऑपरेटिव रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद बैंकिंग अस्सिटेंट, मैनेजर व अन्य, पद संख्या 684, अंतिम तिथि 17 नवंबर 2023




# अफेयर की खबरों के बाद, एक बार फिर साथ काम करेंगे आमिर खान और फातिमा



***आमिर ने अपनी फिल्म के लिए फातिमा सना शेख को लीड एक्टर के तौर पर चुना है। इससे पहले फातिमा और आमिर की जोड़ी फिल्म दंगल और फिल्म ठग्स आफ हिंदोस्तान में नजर आई थी।***

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने फिलहाल फिल्मों से ब्रेक लिया है। अब वे जल्द ही अपने प्रोडक्शन में बनने वाली पांच फिल्मों को पेश करने वाले हैं। एक फिल्म में वे खुद भी काम करते दिखाई देंगे। वहीं, खबरें सामने आ रही हैं कि आमिर ने अपनी फिल्म के लिए फातिमा सना शेख को लीड एक्टर के तौर पर चुना है। इससे पहले फातिमा और आमिर की जोड़ी साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म दंगल और साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म ठग्स आफ हिंदोस्तान में नजर आई थी। हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है, लेकिन यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म होगी।आमिर खान आखिरी बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आए थे, इसमें उनके अपोजिट करीना कपूर दिखाई दी थी। इस फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया था। वहीं, अब आमिर की अगली फिल्म का निर्देशन भी अद्वैत करने वाले हैं। फिलहाल में इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अगले साल की शुरू होगी। इतना ही नहीं, आमिर ने मलयालम फिल्म जय जय जय जय है के हिंदी रीमेक के लिए भी फातिमा को साइन किया था, लेकिन यह फिल्म नहीं बन पाई। अब जिस फिल्म के लिए आमिर और फातिमा काम कर रहे हैं, उसे पूरा करने का उन्होंने मन बना लिया है।


**नई फिल्मों के साथ आमिर का कमबैक**-फातिमा फिलहाल अपनी पहली वेब सीरीज की शूटिंग कर रही है, इसे खत्म करने के बाद ही वे आमिर की फिल्म के लिए शूट करेंगी। बता दें कि आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा फ्लॉप साबित हुई थी। अब वे फिर से सितारे जमीन पर फिल्म से अपना कमबैक करने जा रहे हैं। यह फिल्म स्पेनिश फिल्म कैम्पियोन्स का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में आमिर के साथ एक्ट्रेस जेनेलिया देशमुख नजर आने वाली हैं।

# परिणीति चोपड़ा

## ने फैंस की उम्मीदों पर फेरा पानी, दिलकश तस्वीरें पोस्ट कर लिखा- हनीमून पर नहीं आई हूं

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा शादी के बाद अपने पहले वैकेशन पर रवाना हो गई हैं। तस्वीरें शेयर करने के साथ ही उन्होंने कैप्शन में यह भी साफ कर दिया है कि वह हनीमून पर नहीं गई हैं। फोटोज में परिणीति चोपड़ा हाथों में बेबी पिंक कलर का खूबसूरत चूड़ा पहने नजर आ रही हैं। खुले बालों में समंदर किनारे की उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर अभी तक लाखों लाइक्स बटोर चुकी हैं। **परिणीति ने शेयर कीं वैकेशन की तस्वीरें**-परिणीति चोपड़ा ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, हनीमून पर नहीं हूं। फोटो मेरी सिस्टर-इन-लॉ ने खींची है।





परिणीति ने कैप्शन में हैशटैग GirlsTrip भी लिखा है। एक यूजर ने मजे लेते हुए कमेंट बॉक्स में लिखा, अच्छा हुआ जो आपने बता दिया। एक शख्स ने लिखा, वैसे भी आप लोगों को आजकल ईडी वाले पकड़ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मुझे लगता है कि पति के साथ हनीमून पर जाने से ज्यादा जरूरी है सिस्टर इन लॉ के साथ हनीमून पर जाकर उनके साथ बॉन्डिंग अच्छी करना। **उदयपुर में हुई थी कपल की लैविश वेडिंग**-परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। एक फोटो में जहां उन्होंने समंदर के किनारे और खूबसूरत नीले आसमान का नजारा दिखाया है, वहीं दूसरी फोटो में वह हाथ में कप थापे नजर आ रही हैं। मालूम हो कि परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा 24 सितंबर 2023 को उदयपुर के द ग्रैंड लीला पैलेस में शादी के बंधन में बंध गए थे। दोनों की शादी की तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हुई थीं।

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी से भी मिल सकता है छुटकारा, बस याद रखें ये बातें



कभी-कभी कुछ कारणों से वेट लॉस नहीं हो पाता है। कमर और पेट की जिद्दी चर्बी को हटाना मुश्किल लगता है। यहां हैं एक्सपर्ट की बताई कुछ बातें, जिन पर ध्यान देने से चर्बी हट सकती है।वजन घटाने के लिए आप कई तरह के उपाय करती हैं, लेकिन ऐसा कुछ भी असर नहीं करता है। आप कई तरह के स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करती हैं, लेकिन उसका प्रभाव नहीं पड़ता है। यहां तक कि जब आपको लगता है कि आप सब कुछ सही कर रही हैं,इसके बावजूद पेट और कमर के पास की जिद्दी चर्बी नहीं घटती है। एक्सपर्ट बताते हैं कि कुछ बातों को फ़ॉलो करने पर जिद्दी चर्बी भी अपने-आप घटने लगती है।

**क्यों नहीं हटती चर्बी** -योग एक्सपर्ट डॉ. स्मृति अपने इन्स्टाग्राम पोस्ट में बताती हैं, ' हम वजन घटाने की कोशिश करते हैं, लेकिन रात में बिग डिनर कर लेते हैं। जिन लोगों को वजन कम करने में कठिनाई होती है, उनमें से ज्यादातर लोग बहुत अधिक कैलोरी खा रहे होते हैं। वजन घटाने में कैलोरी का जलाना जरूरी है। इसके लिए आपको हर दिन अपनी कैलोरी पर नज़र रखनी होगी। वजन घटाना सिर्फ पोषण और एक्सरसाइज ही नहीं है। यह उम्र, जेंडर और शुरुआती वजन पर भी निर्भर करता है। एडल्ट के लिए वजन घटाना है। कभी-कभी सही खान-पान और एक्सरसाइज से शरीर के वजन का 20 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। मेनोपॉज के बाद यह प्रतिशत घटकर पांच-सात हो जाता है।

यहां हैं एक्सपर्ट की बताई कुछ बातें, जिन्हें वजन घटाने के लिए जरूरी माना जाता है

**1 रात में आसानी से पचने वाले भोजन लें** -रात में सोने पर डाइजेस्टिव सिस्टम स्लो हो जाते हैं। इसलिए आसानी से पचने वाले भोजन लेना चाहिए। पाचन के लिए रात के खाने में चावल आधारित भोजन लेना चाहिए। इससे न सिर्फ भोजन आसानी से पच जाता है, बल्कि बोवेल मूवमेंट भी सही तरीके से हो पाता है।

**2 हर्बल चाय और गर्म पानी का सेवन** -हर्बल चाय में कैटेचिन फ्लेवोनोइड होता है, जो मेटाबोलिज्म को बढ़ा सकता है। यह शरीर में वसा को अधिक तेज़ी से तोड़ने में मदद कर सकता है। कई चायों में मौजूद कैफीन ऊर्जा का उपयोग बढ़ाता है, जिससे शरीर अधिक कैलोरी जलाता है। ये दोनों यौगिक वेट लॉस में कारगर हो सकते हैं। गर्म पानी शरीर की वसा को भी मॉलिक्यूल में तोड़ देता है, जिससे पाचन तंत्र के लिए इसे जलाना आसान हो जाता है।

**3 भोजन के बाद सोने से बचें**- विशेष रूप से भोजन लेने के बाद झपकी लेने या सोने से बचना चाहिए। जब खर्च होने वाली कैलोरी से अधिक कैलोरी लेती हैं, तो शरीर का वजन बढ़ता है। खाना खाने के बाद यही स्थिति होती है।



# वेट लॉस का मज़ेदार तरीका है एक्वा या वॉटर योग, इन पोज़ से कर सकते हैं शुरुआत

अगर आप भी योग को पसंद करते है औप कुछ नए तरह की योग की शैली को करना चाहते है तो आप एक्वा योग के ये पोज कर सकते है जो आपको फिट रखन में मदद कर सकता है।योग अपने आप में ही काफी लाभकारी है यदि आप इस प्रतिदिन करते है तो। इसे हर कोई अपना सकता है। हालांकि, जब घायल व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों की बात आती है तो यह उनके लिए कठिन हो सकता है। ऐसे लोगों के लिए एक्वा योग वरदान साबित हो सकता है। योग का ये रूप काफी तेजी से लोगों के बीच में प्रचलित हो रहा है।

**क्या है एक्वा योगा**-एक्वा योगा को पानी में योग के रूप में भी जाना जाता है, जल योग वह योग शैली है जिसमें पानी में कुछ संसाधनों के साथ आसन किए जाते हैं। आसान जल निकायों में किए जाते है जिसमें पूल, बाथटब, झील, तालाब या समुद्र हो सकता है। सबसे आम जगह इनडोर या आउटडोर स्विमिंग पूल है क्योंकि यह आसानी से उपलब्ध होते है।जल योग एक कम प्रभाव वाला व्यायाम है जो आपकी मांसपेशियों के खिंचाव को बढ़ाने पर अधिक काम करता है। और जब आप पानी में उल्टा होकर तैरते है, जहां आपका सिर पानी के नीचे होता है, तो यह आपके फेफड़ों को मजबूत कर सकता है। क्योंकि यहां आपको अधिक देर तक सांस को रोकना पढ़ता है।

**1 एक्वा ट्री पोज़**-पूल की दीवार के पास खड़े हो जाएं और सुनिश्चित करें कि पूल के फर्श पर आपका पैर मजबूती से हो।जैसे ही आप अपने दाहिने पैर को उठाना और मोड़ना शुरू करते हैं, संतुलन के लिए पूल के किनारे को अपने हाथ से पकड़ें।दाहिने पैर के तलवे को बायीं जांघ के अंदर की ओर रखें। संतुलन बनाए रखने के लिए दोनों तरफ समान दबाव डालें।एक बार जब आप स्थिर महसूस करें, तो पूल की दीवार को छोड़ दें और अपनी बाहों को ऊपर की ओर लाएं और हथेलियों को मिलाएं।

**2 एयरप्लेन पोज़**-पूल की दीवार के पास पहाड़ी मुद्रा में खड़े हो जाएं और अपनी स्थिरता बनाने के लिए कुछ गहरी सांसें लें।दीवार को पकड़ें और आगे की ओर झुकना शुरू करें जब तक कि आपकी छाती और ठुड्डी पानी को न छू लें। इसके साथ ही, अपने एक पैर को आगे की ओर झुकते हुए सीधा और फैला हुआ रखें।टी शेप को बनाए रखने के लिए एड़ी और सिर के क्राउन को विपरीत दिशा में धकेलें।जब तक आप संतुलित और स्थिर महसूस न करें तब तक दीवार को पकड़े रहें। एक बार जब आप स्थिर हो जाएं, तो आप दीवार से हट सकते हैं और अपनी बाहों को अपने शरीर के पास रख सकते हैं।इस मुद्रा में 3-5 सांसों तक बने रहें।

# बदलते मौसम में इम्युनिटी बढ़ानी है, तो इन तरीकों से करें अपनी बॉडी को डिटॉक्स

आपकी मानसिक स्थिति भी आपके शरीर में टाक्सीसिटी को बढ़ावा देती हैं। समग्र सेहत को हानि पहुंचा सकती है बॉडी टॉक्सिन्स, इन 6 तरीकों से खुदको करें डिटॉक्स।बाहरी वातावरण से लेकर खानपान और जीवन



शैली की तमाम गतिविधियों की वजह से बॉडी में टॉक्सिंस बनता है, जिसे एक उचित समय पर शरीर से बाहर निकलना बेहद महत्वपूर्ण है। अन्यथा यह अंदर ही अंदर हमारे शरीर को तमाम रूपों में क्षतिग्रस्त कर सकता है। वहीं आपकी मानसिक स्थिति भी आपके शरीर में टाक्सीसिटी को बढ़ावा देती हैं। बॉडी को डिटॉक्स करना एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया है, जिसका नियमित अभ्यास हमारे समग्र सेहत के लिए महत्वपूर्ण होता है। तो चलिए जानते हैं, आखिर डिटॉक्सिफिकेशन क्या है? और हम अपने शरीर को किस तरह डिटॉक्सिफाई कर सकते हैं।

**पहले समझें क्या है डिटॉक्सिफिकेशन?** डिटॉक्सिफिकेशन आपके शरीर से विभिन्न प्रकार के टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने की एक प्रक्रिया है। यह सेहत के लिए तमाम रूपों में फायदेमंद होती है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के साथ ही त्वचा को फिर से जीवंत करने और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में सहायता करती है। डिटॉक्सिफिकेशन आपके शरीर एवं जीवन में संतुलन को वापस ले आता है और आपके बॉडी के सिस्टम को सही ढंग से काम करने में मदद करता है।

**आखिर शरीर को डिटॉक्स करना क्यों महत्वपूर्ण है?**

टॉक्सिक पदार्थों के पांच प्राथमिक स्त्रोत हैं, जिनसे हमारे शरीर को हर रोज गुजरना होता है-

भोजन, पानी, सौंदर्य, व्यक्तिगत देखभाल की वस्तुएं, पर्यावरण और नकारात्मक सोच। सिरदर्द, नींद की कमी, बीमारी, पुरानी थकान आदि जैसी अनावश्यक शारीरिक और स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए समय-समय पर अपने शरीर को डिटॉक्सीफाई करना बेहद जरूरी है। डिटॉक्सिफिकेशन आपकी इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद करता है, साथ ही आपको ध्यान केंद्रित रखने और बेहतर नींद लेने के सक्षम बनाता है। डिटॉक्सिफिकेशन जीवन शैली की स्वस्थ गतिविधियों में से एक है, और इसके साथ आप कुछ ही समय में बेहतर महसूस करना शुरू कर देती हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# क्या ओलंपिक में दिखेगा एशियन गेम्स का जादू?

चीन में हुए एशियाई खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन से देश में खुशी का माहौल है। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार सौ पदकों का आंकड़ा पार किया है। इनमें 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक हैं। पांच साल पहले जकार्ता में भारत ने 16 स्वर्ण सहित 70 पदक जीते थे। इस बार भारत ने 37 पदकों का इजाफा किया है। अब नजरें अगले साल पेरिस में होने वाले ओलिंपिक पर लगी हैं। वैसे, एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन को ओलिंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदों का आधार नहीं बनाया जा सकता, फिर भी पेरिस में तोक्यो से बेहतर प्रदर्शन की संभावना तो है ही। **कई खेल ओलिंपिक में नहीं:** एशियाई खेलों में इस बार भारत ने 28 स्वर्ण पदक जीते हैं, जिनमें 16 उन खेलों से जुड़े हैं, जिनका ओलिंपिक में आयोजन ही नहीं होता है। जिन 12 स्वर्ण पदक जीतने वालों की स्पर्धाएं ओलिंपिक में होती हैं, उनमें से ज्यादातर में खिलाड़ियों का ओलिंपिक में पदक जीतने लायक प्रदर्शन नहीं है। निशानेबाजी को लें, तो भारत के लिए सिर्फ सिफ्त कौर और पलक गुलिया ने निशानेबाजी की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण जीते हैं। इन दोनों को ही पेरिस ओलिंपिक में पदक जीतने का दावेदार माना जा सकता है। ओलिंपिक खेलों में रिकर्व वर्ग का आयोजन होता है, जिसमें भारत का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा।तीरंदाजी में पांचों स्वर्ण पदक कंपाउंड तीरंदाजी में आए हैं। इसका ओलिंपिक में आयोजन ही नहीं होता है। यह बर्लिन विश्व चैंपियनशिप के बाद दूसरी क्वॉलिफाइंग प्रतियोगिता थी। लेकिन भारत का कोई भी तीरंदाज अभी तक ओलिंपिक में खेलने की पात्रता हासिल नहीं कर सका है।



राम गोपाल सैनी

**जिनसे हैं उम्मीदें**- कुछ खिलाड़ियों ने उम्मीदें भी जगाई हैं। भारत ने एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 29 पदक जुटाए हैं। इनमें जेवलिन थ्रोअर जोड़ी नीरज चोपड़ा, किशोर जेना के अलावा महिला जैवलिन थ्रोअर अन्नू रानी और लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ओलिंपिक में पदक के दावेदार नजर आते हैं। किशोर जेना ने पिछले गोल्ड वाले प्रदर्शन से मात्र 0.4 मीटर ही कमजोर प्रदर्शन किया है। एक साल पहले तक जेना 78.5 मीटर तक का प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन चीन के हांगझोउ में वह 87.54 मीटर के थ्रो से रजत पदक जीते हैं। उनसे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। बैडमिंटन में सात्विक साईराज-चिराग शेट्टी की जोड़ी से ओलिंपिक में धमाके की उम्मीद की जा सकती है। सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी हांगझोउ में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीतकर वैसे भी विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गई है। ओलिंपिक में भारत के लिए मुक्केबाज और पहलवान भी पदक लाते रहे हैं। लेकिन इस बार एशियाई खेलों में इन दोनों में भारतीय प्रदर्शन उम्मीदों से कमजोर रहा है। कुश्ती में तो पहलवानों और कुश्ती संघ के पदाधिकारियों के बीच चले लंबे संघर्ष को खराब प्रदर्शन की वजह माना जा सकता है। मुक्केबाजी भी विवादों में रही है। ओलिंपिक शुरू होने में करीब 10 महीने बाकी हैं। इस दौरान इन दोनों खेलों में तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जाए तो स्थिति सुधर सकती है।

**खत्म होगा सूखा**-हांगझोउ में भारत ने यंग ब्रिगेड उतारी, जिसमें एक अच्छी बात यह रही कि भारत के युवा निशानेबाज दबाव में बिखरते नजर नहीं आए। अतीत में यह भारत की प्रमुख कमजोरी रही है। यह बदलाव हाई परफॉरमेंस कोच पियरे डेसचैंप्स की वजह से आया है। डेसचैंप्स ने राजधानी दिल्ली स्थित तुगलकाबाद शूटिंग रेंज में वॉर रूम की स्थापना की है।

# चौमूं निवासी पुलकित शास्त्री को मिली धर्म गुरु की उपाधि

**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं निवासी पुलकित शास्त्री को छोटी सी उम्र में धर्मगुरु की उपाधि मिली है । यह उपाधि ज्योतिर्मठ उज्जैन द्वारा दी गई है । प्रेस वार्ता के दौरान पुलकित शास्त्री ने बताया कि 10 अक्टूबर को ज्योतिष विज्ञान समिति उज्जैन के ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी आदिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आदेश अनुसार परमात्मानंद ब्रह्मचारी ने धर्म गुरु की उपाधि जारी की । गौरतलब है कि धर्म और ज्योतिष में रुचि रखने वाले पुलकित शास्त्री ने अपना पूरा जीवन धर्म व ज्योतिष को समर्पण कर रखा है जिसके चलते पुलकित शास्त्री को कम उम्र में धर्मगुरु जैसा अहम पद मिला है। वहीं पुलकित शास्त्री ने समिति व शंकराचार्य का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हर क्षण व हर संभव सनातन धर्म की रक्षा और प्रचार प्रसार का कार्य करता रहूँगा ।



# विजयादशमी (कविता)

आश्विन शुक्ल दशमी को,
विजयादशमी पर्व आता।
भारत के सभी राज्यों में,
धूमधाम से मनाया जाता।

सजती झांकियां नौ दिवस,
रूप विभिन्न में दुर्गा माता।
नवरात्रौत्थापन दिन विशेष,
मातृशक्ति से जुड़ा ये नाता।

पौरुष शौर्य साहस रूप में,
अस्त्र-शस्त्र पूजन जो भाता।
बच्चे-बुढ़े जवानों के चेहरे,
प्रचुर हर्षोल्लास है छाता।

दुश्मनों के प्रति शक्ति शाली,
बनने का संकल्प दिलाता।
अच्छाई की बुराई पर विजय,
होती गीत युगों से जग गाता।



**-महेन्द्र सिंह कटारिया,**
**नीमकाथाना, राजस्थान**

## वूमेन वेलफेयर सोसाइटी का

# डांडिया धमाका धूमधाम से हुआ संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चौमूं शहर के रजवाड़ा गार्डन में डांडिया धमाका-2023 का आयोजन धूमधाम से किया गया। विधायक रामलाल शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।

वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष जगविंद्र कौर ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ और मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया । विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, मुकेश फडया, कौशल तंवर केएस मोटर्स से मंगल चंद सैनी, कैलाश तिवारी, सोहन सैनी, सुनील सैनी, लालचंद शर्मा, प्रकाश सैनी, हरफूल सैनी, रवि योगी आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की मिसेज दिवा चौमूं - 2023 के साथ कई मॉडल्स ने भी जमकर डांडिया खनकाए । साथ ही गोल्डन बेल्स एकेडमी के स्टूडेंट्स ने भी शानदार प्रस्तुतियां दी।







इस दौरान अच्छी परफॉर्मेंस प्रस्तुत करने वालों को अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। बेस्ट ड्रेस बॉयज ग्रुप का अवार्ड आशु सैनी और ग्रुप को दिया गया । बेस्ट ड्रेस गर्ल्स ग्रुप का अवार्ड अक्षरा और ग्रुप को दिया गया। बेस्ट फेस एक्सप्रेशन का अवार्ड तमन्ना वशिष्ठ और प्रतिष्ठा को दिया गया । बेस्ट डांस का अवार्ड आरती सैनी और पूनम शर्मा को दिया गया ।बेस्ट कल्चरल ड्रेस का अवार्ड दिव्या और टीना को दिया गया । बेस्ट गर्ल्स डांस ग्रुप माधवी, आयुषी, नैंसी, कृष्णा, प्रीति ग्रुप को दिया गया । बेस्ट कपल का अवार्ड मिस्टर एंड मिसेज चंद्रशेखर को दिया गया । बेस्ट स्माइल अनु महादेव को और बेस्ट ब्यूटी का अवार्ड माधवी शर्मा को दिया गया इस अवसर पर आयोजक कमेटी की सदस्य सरोज चौधरी, शीला शर्मा, सुनीता नरूका ,रतना शर्मा, संतोष यादव, मंजू कुमावत, साधना शर्मा, हर्षा अग्रवाल ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग किया । एंकर संजय शर्मा और नेहा कर्मवीर ने कार्यक्रम का संचालन किया ।

# चुनाव का साया, सिर्फ 7 दिन चलेगा पुष्कर पशु मेला

अजमेर (वि.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला-2023 इस बार महज 7 दिन का ही होगा। पहले 14 नवम्बर से शुरू होकर 29 नवम्बर तक चलना था, लेकिन अब यह 14 से शुरू होकर 20 नवम्बर तक ही चलेगा। बताया जा रहा है कि पुष्कर पशु मेले के इतिहास में यह पहली बार है कि जब पशु मेला महज 7 दिन का ही होगा। हालांकि धार्मिक मेला कार्तिक शुक्ल की एकादशी 23 नवंबर से पूर्णिमा 27 नवंबर तक ही भरेगा।

**चुनाव में मतदान प्रतिशत प्रभावित न हो इसके लिए लिया निर्णय**

दरअसल, विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत प्रभावित न हो, इसके लिए यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में पशु मेला 14 से 29 नवंबर तक आयोजित होना था। इस संबंध में सितंबर में जिला कलेक्टर डॉक्टर भारती दीक्षित ने संबंधित विभागों को मेले की तैयारी के लिए दिशा-निर्देश दिए थे। गत 13 अक्टूबर को कलेक्टर डॉक्टर दीक्षित की अध्यक्षता में हुई मेला सलाहकार समिति की बैठक में मेले को अब 14 से 20 नवंबर तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में हमेशा पशु मेला 13 से 14 दिन का चलता था और धार्मिक मेले के दौरान भी मेला क्षेत्र पशुओं के रौनक से आबाद रहता था।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल ऑफसेट प्रिन्टिंग पोस्टर / पम्पलेट बिल–बुक लेटर हेड
शादी कार्ड सवामणी कार्ड स्क्रीन प्रिन्टिंग विजिटिंग कार्ड आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा